दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 23 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-56

## सिग्नेचर ब्रिज पर हादसा: टक्कर के बाद नीचे गिरे 2 बाइकसवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेल्फीबाजों के लिए हॉटस्पॉट बने सिग्नेचर ब्रिज पर शुक्रवार को दो बाइकर्स की नीचे गिरने से मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक बाइक बेहद तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराई, जिससे दोनों बाइकर्स नीचे यमुना खादर में जा गिरे। पीसीआर दोनों को यमुना खादर से अस्पताल लेकर गई, लेकिन रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक पहली नजर में यह एक हादसा लग रहा है। बता दें कि पहले ऐसी खबर आई थी कि युवक बाइक पर स्टंट कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक दोनों युवक केटीएम ड्यूक बाइक पर सवार थे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि तिमारपुर पुलिस स्टेशन की पीसीआर वैन को सुबह करीब साढ़े आठ बजे इस हादसे की सूचना मिली। यह हादसा सिग्नेचर ब्रिच के लेफ्ट टर्न लूप पर हुआ। बाइकसावर काफी तेज रफ्तार में थे, जिसका कारण बाइक डिवाइडर से टकरा गई और दोनों बाइकर्स ब्रिज से नीचे गिर गए। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान नहीं हो पाई है।



मृतकों में से एक की पहचान 23 साल के डॉ. सत्य विजय के रूप में हुई है, जो रांची के रहने वाले थे। वह हिंदू राव अस्पतला में इंटर्नशिप कर रहे थे। दूसरे मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। दोनों उस्मानपुर से नॉर्थ दिल्ली की साइड जा रहे थे। पुलिस को बाइक पुल के ऊपर मिली। इसका कुछ हिस्सा डैमेज था। आशंका हुई कि बाइक डिवाइडर से टकराई होगी, जिससे दोनों उछलकर पुल के नीचे यमुना खादर में जा गिरे।

पुलिस ने कहा कि हादसा ब्रिज के लेफ्ट टर्न पर हुआ, इसलिए यह स्टंट का मामला नहीं लग रहा है। पुलिस ने कहा कि यह हादसा सेल्फी लेने के दौरान हुआ भी नहीं लग रहा है, क्योंकि हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। दोनों काफी ऊंचाई से नीचे गिरे।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों से सुबह तक यह पता चला था है कि जिस बाइक से हादसा हुआ है, वह किसी सत्या विजय शंकरण के नाम पर रजिस्टर्ड है, जो किसी अस्पताल में काम करता है। बाइक पर सत्या ही सवार था, या कोई और, इस बारे में दोपहर तक जानकारी सामने आ सकती है।

**हादसे को लेकर संशय बाकी!**

घटनास्थल पर भीड़ के बीच अलग-अलग तरह की चर्चाएं थीं। कहा जा रहा था कि दोनों डिवाइडर के पास बाइक लगाकर ऊपर खड़े होकर सेल्फी ले रहे थे। उसी दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गए। हालांकि पुलिस ने इस चर्चा को अफवाह बताया। पुलिस का कहना है कि बाइक का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला है। आसपास के लोगों से शुरुआती पूछताछ में भी यही पता लगा है कि दोनों तेज रफ्तार में थे। बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे पुल के नीचे गिर गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आशंका यह है कि बाइक ड्राइव करते समय दोनों सेल्फी ले रहे हों, इसलिए पहिया डिवाइडर पर जा चढ़ा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिजबेहरा में मुठभेड़ में मारे गए 6 आतंकी, ऑपरेशन जारी

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में ऑपरेशन ऑलआउट के तहत बिजबेहरा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 6 आतंकी मारे गए हैं। अभी इलाके में कुछ और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है जिसके चलते इलाके की घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। बिजबेहरा के सेकिपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने के इनपुट्स मिलने के बाद सुरक्षाबलों के साथ यह मुठभेड़ शुरू हुई। फिलहाल अभी मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो सकी है। इससे पहले कुलगाम में सेना के आरआर कैंप पर गुरुवार सुबह आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में एक स्थानीय नागरिक घायल हो गया था। इस दौरान सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग की लेकिन तब भी आतंकी भागने में कामयाब रहे। वहीं मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के 4 आतंकी मारे गए थे। इस मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद हो गया था।

### कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पेड़ से टकराई, 45 घायल

**बलिया (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में बलिया के सिकंदरपुर क्षेत्र में नवानगर ब्लॉक के पास शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिये दर्शनार्थियों को लेकर जा रही राज्य सड़क परिवहन निगम की बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें बस में सवार 45 दर्शनार्थी घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक विनय प्रताप यादव के अनुसार रोडवेज बस दोहरीघाट से दर्शनार्थियों को लेकर कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिये बलिया जा रही थी कि सिकंदरपुर क्षेत्र के नवानगर ब्लाक के पास बस यांत्रिक खराबी के कारण अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि बस में सवार 45 यात्रियों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमें से 30 दर्शनार्थियों को गम्भीर स्थिति में जिला अस्पताल ले जाया गया है।

### सड़क हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत, 15 से अधिक घायल

**सीवान (आरएनएस)।** बिहार के सीवान जिले में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए। गुरुवार देर रात पिकअप वैन की टैंकर से टक्कर से वैन सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पिकअप वैन में सवार लोग कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर नदी में स्नान करने जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, गोपालगंज जिले के लक्षवार गांव के रहने वाले कई लोग एक वैन में सवार होकर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सीवान के दरौली घाट नदी में स्नान करने जा रहे थे। सीवान-मैरवा मुख्य मार्ग पर जीरादेई मोड़ के समीप पिकअप वैन रूकी हुई थी, तभी एक अनियंत्रित टैंकर ने पिकअप वैन को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि घायलों को सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### नक्सली ब्लास्ट में बाईक के उड़े परखच्चे

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में माओवादियों के लगाए आईईडी ब्लॉस्ट में एक ग्रामीण की बाइक क्षतिग्रस्त मिली है। हालांकि बाइक सवार का कोई अता पता नहीं चल सका है। घटना स्थल के आसपास खून के धब्बे मिले हैं। एसपी अभिषेक मीना ने बताया कि किस्टाराम व टेटेमडगू के बीच किसी ग्रामीण की क्षतिग्रस्त बाइक देखे जाने की जानकारी मिली है। छानबीन में पता चला कि विस्फोट से यह हुआ होगा। ग्रामीणों ने भी इसकी कोई शिकायत नहीं की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से वोटिंग की मांग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों और 2019 लोकसभा चुनाव में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर के जरिए मतदान कराने को लेकर दायर एक जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। उसने कहा कि हर सिस्टम में गलती की आशंका होती है। एनजीओ न्याय भूमि की तरफ से वकील ए सुभाष राव ने याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि ईवीएम का दुरुपयोग किया जा सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। याचिका में इसकी जगह मतदान की पुरानी व्यवस्था यानी बैलेट पेपर को लाने के लिए कोर्ट से दखल देने की अपील की गई थी। चीफ जस्टिस



रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने याचिका खारिज कर दी।

सीजेआई ने कहा, चाहे कोई भी व्यवस्था या मशीन, सबके दुरुपयोग की आशंका होती है। शंकाएं हर जगह मौजूद रहेंगी। बेंच के दो अन्य सदस्यों में जस्टिस के एम जोसफ और जस्टिस एम आर शाह शामिल थे। चुनाव आयोग कई बार दावा कर चुका है कि ईवीएम फूल-प्रूफ हैं, लेकिन इसके बावजूद चुनाव के वक्त इसके दुरुपयोग की आशंकाएं सामने आती रही हैं। इस बार भी कई राज्यों में विधानसभा चुनावों से ऐन पहले मामला गरमाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले सभी ईवीएम के लिए वोटर वेरिफाएबल ट्रेल्स (वीवीपैट) को अनिवार्य करने का आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि 2019 लोकसभा चुनाव में देश के सभी बूथों पर वीवीपैट मशीनें लगेंगी। पिछले एक साल में वोटरों की पेपर ट्रेल जांचने के लिए अतिरिक्त समय दिए जाने की मांग वाली कई याचिकाएं भी कोर्ट में दाखिल की गई हैं।

फिलहाल ईवीएम के जरिये वोट देने के बाद एक अन्य बॉक्स से निकलने वाले पेपर प्रिंट आउट स्लिप से वोटर को अपनी वोट की जांच करने के लिए सिर्फ 7 सेकेंड मिलता है। कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों ने एक याचिका दाखिल कर इस समयसीमा को बढ़ाने की मांग की है, ताकि वोटरों को वोट सही पड़ा है या नहीं, इसकी जांच के लिए ज्यादा समय मिल सके। सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका लंबित है, जिसमें ईवीएम तक वेरिफाइड और ऑथराइज्ड इंजिनियर्स की पहुंच भी रोकने की मांग की गई है।

## गोला-बारूद के साथ इनामी अपराधी गिरफ्तार

**इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में पुलिस कार्रवाई**

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हॉस्टल व शहर के विभिन्न इलाकों से भारती मात्रा में बम-बारूद बरामद किया है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के ही ताराचंद्र हॉस्टल में छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। साथ ही जिंदा बम, कारतूस एवं पिस्टल भी बरामद किए गए। इस छापेमारी के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान इनामी छात्र नेता आकाश भी धर



दबोची।

पुलिस के मुताबिक, आकाश पर 20,000 का इनाम था। इलाहाबाद में बुधवार को भाजपा नेता व पूर्व पार्षद राजू शुक्ला के घर हुई बम-बाजी में भी वह नामजद किया गया था। बताया जा रहा है कि जहां बम बनाने की सामग्री मिली, वहीं ढाई किलो बारूद भी बरामद किया गया।

## सीआरपीएफ के कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौके पर मौत

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश (यूपी) में एक बार फिर लखनऊ स्थित केन्द्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ ) के कैम्प में जवान ने खुद को गोली मार ली। गोली लगने के तुरंत बाद जवान की मौत हो गयी। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जवान के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इससे पहले भी इसी जगह एक अन्य जवान के गोली मारकर आत्महत्या करने की घटना सामने आ चुकी है। इस मामले में कुछ दिन बाद मृतक के भाई ने उसे हत्या करार दिया था।



जानकारी के मुताबिक, थाना सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ कैंप में मंजेन्दर सिंह नामक जवान ने खुद को लाइसेंसी बंदूक से गोली मार ली। गोली लगने से मंजेन्दर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। खबर मिलते ही राजधानी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और शव लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

आपको बता दें कि इससे पहले भी लखनऊ के सीआरपीएफ , बिजनौर कैंप में शनिवार (25 अगस्त) को अचानक से फायरिंग हो गई थी।

## कोविंद, मोदी ने गुरु नानक जयंती की दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती पर बधाई दी है। कोविंद ने शुक्रवार को ट्विटर पर अपने बधाई संदेश में कहा, सभी देशवासियों, विशेषकर भारत और विदेश में हमारे सिख भाइयों और बहनों को गुरु पर्व की बधाई। उन्होंने कहा, गुरु नानक देव के जीवन और शिक्षाओं से हमें शांति, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

## हिज्बुल मुजाहिदीन ने श्रीनगर में की मीटिंग, कमांडर का फोटो वायरल

**सुरक्षा पर सवाल**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के हजरतबल में तीन आंतकवादी संगठनों की कथित मीटिंग ने सुरक्षाबलों को चौकन्ना कर दिया है। खबर के मुताबिक, हिज्बुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने मंगलवार को हुई इस मीटिंग में हिस्सा लिया। एक लेटर में हिज्बुल मुजाहिदीन ने इस बात का दावा किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिज्बुल ने एक लेटर जारी किया है जिसमें कहा गया जारी किया है




जिसमें कहा गया है कि उसके 16 कमांडरों ने इस बैठक में हिस्सा लिया था। हिज्बुल का कहना है कि वह जल्द ही हजरतबल श्राइन में हुई इस मीटिंग का विडियो जारी करेगा। कथित रूप से इस मीटिंग में मौजूद हिज्बुल मुजाहिदीन के कमांडर उमर एलियास हंजाला का एक फोटो भी सामने आया है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है और सुरक्षा एजेंसियां इसे फर्जी बता रही है। इस घटना को भारतीय सुरक्षा बलों की बड़ी चूक के तौर पर देखा जा रहा है।

हिज्बुल का कहना है कि यह मीटिंग 47 घंटे लंबी चली, जिसमें हमने भारतीय सुरक्षाबलों से निपटने की अपनी रणनीति के बारे में चर्चा की। बैठक में सिर्फ हिज्बुल के ही आतंकी मौजूद नहीं थे, बल्कि जैश-एमोहम्मद और लश्कर के चार-चार आतंकी भी हिस्सा ले रहे थे।

## स्टैचू ऑफ यूनिटी से ज्यादा ऊंची होगी आंध्र प्रदेश की नई विधानसभा बिल्डिंग

**नायडू ने फाइनल किया डिजाइन**

**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की राजनीतिक महत्वाकांक्षा सिर्फ देशभर में ऐंटी-बीजेपी गठबंधन का विस्तार करने और सीबीआई को राज्य में प्रवेश से रोकने तक ही नहीं सीमित है। अब उन्होंने बताया है कि अमरावती में प्रस्तावित आंध्र प्रदेश विधानसभा बिल्डिंग विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैचू ऑफ यूनिटी से 68 मीटर ज्यादा ऊंची होगी। एक बार तैयार होने के बाद यह देश की सबसे ऊंची इमारत होगी। बता दें, स्टैचू ऑफ यूनिटी की ऊंचाई 182 मीटर है।



नायडू ने नई विधानसभा का डिजाइन लगभग फाइनल कर लिया है, जिसमें कुछ छोटे बदलाव कर इसका ब्लूप्रिंट राज्य सरकार यूके बेस्ड नॉर्मा फॉस्टर्स ऑर्कीटेक्ट्स को देगी। नई विधानसभा में तीन मंजिलें होंगी और एक 250 मीटर ऊंचा आसमान छूता टावर लगाया जाएगा। नायडू ने उस समय यह घोषणा की है जब स्टैचू ऑफ यूनिटी के उद्घाटन के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी अयोध्या में (कथित 201 मीटर ऊंची) भगवान राम की प्रतिमा बनाने का दावा कर चुके हैं।

**कर्नाटक में मां कावेरी की 125 फीट ऊंची प्रतिमा लगाने की तैयारी**

कर्नाटक सरकार भी मां कावेरी की 125 फीट ऊंची प्रतिमा लगाने की तैयारी में है। राज्य मंत्री पी नारायण ने कहा कि नायडू द्वारा प्रस्तावित विधानसभा भवन का ढांचा किसी उल्टे लिली के फूल जैसा लगेगा। सरकार इसके लिए नवंबर में टेंडर निकालेगी और पूरी प्रक्रिया दो साल में पूरी होने का लक्ष्य रखा गया है।

## राहुल गांधी ने गुरु पर्व की बधाई दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को देशवासियों को गुरुपर्व की बधाई दी और सभी के जीवन में ज्ञान, करुणा एवं शांति के प्रवाह की कामना की। गांधी ने ट्वीट कर कहा, आप सभी को गुरुपर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु नानक देव जी की पवित्र शिक्षाओं से हमारे जीवन में ज्ञान, करुणा और शांति का प्रवाह हो, मेरी यह कामना है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी गुरुपर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

चुनावी मैदान में हैं 189 महिला उम्मीदवार

0-राजस्थान विधानसभा चुनाव

जयपुर,23 नवंबर (आरएनएस)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए कुल 189 महिलाएं मैदान में हैं जिनमें से सबसे अधिक 27 प्रत्याशी कांग्रेस की हैं। चुनावी समर में महिलाओं की संख्या 2013 की तुलना में 23 अधिक है। नामांकन वापस लेने की अवधि गुरुवार को समाप्त हो गयी और उसके बाद चुनावी उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गयी है। राज्य की 200 विधानसभा सीटों के लिए सात दिसंबर को मतदान होना है। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस विधानसभा चुनाव के लिए कुल 281 महिलाओं ने नामांकन दाखिल किए। जांच के बाद यह संख्या 238 बची जिनमें से 49 उम्मीदवारों ने बीते दो दिन में अपने नाम वापस ले लिए। इसके बाद चुनावी मैदान में डटी महिला उम्मीदवारों की संख्या 189 बची है। उल्लेखनीय है कि 2013 में कुल 166 व 2008 के विधानसभा चुनाव में 154 महिला उम्मीदवारों ने अपनी राजनीतिक भाग्य आजमाया था। जहां तक जीत का सवाल है तो 2008 व 2013 दोनों की वर्ष 28-28 महिला उम्मीदवार जीतकर विधानसभा पहुंची। इस बार राज्य की 200 विधानसभा सीटों के लिए कुल 2,294 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 2,105 पुरुष व 189 महिलाएं हैं। जहां तक प्रमुख राजनीतिक दलों का सवाल है तो कांग्रेस ने 27 महिलाओं को अपना प्रत्याशी बनाया है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 23 महिलाओं को टिकट दी है। कांग्रेस की